Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to convert NH-86 between Kanpur and Kabrai into four lane.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): पूर्व में **भी मेरे द्वारा कबरई कानपुर के** मध्य **एन.एच.**-86 राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है। अति महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़े होने के कारण आज मैं यह मुद्दा सदन के समक्ष पुन: उठा रहा हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (बुंदेलखंड) से होकर गुजरने वाला एन.एच.-86, कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर-कबरई के मध्य डबल लेन है और इसके 4 लेन का न होने के कारण और टोल प्लाजा पर उपयुक्त संख्या में टोल बूथ सुविधा न होने से सड़क मार्ग के द्वारा यात्रा करने पर जन साधारण को अत्यधिक असुविधा हो रही है। कानपुर-कबरई के मध्य बिना डिवाईडर के 2 लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं हैं। इस क्षेत्र में कोई मेडिकल की सुविधा भी नहीं है और दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को सड़क मार्ग द्वारा ही कानपुर या लखनऊ इलाज के लिए ले जाना पड़ता है। यात्रा मार्ग सुगम न होने के कारण समय अधिक लगता है इस कारण इस क्षेत्र में मार्ग दुर्घटनाओं में मृत्यु-दर अधिक है। नियमों की दुहाई देकर एम्बुलेंस/इमरजेंसी वाहनों को भी सुरक्षित रास्ता नहीं दिया जाता है। उनसे भी टोल की वसूली की जाती है जिसके कारण भी अधिकांश मरीज और दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। टोल प्लाजा पर टोल बूथ की संख्या कम होने के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क मार्ग से यात्रा बिल्कुल भी सुगम नहीं है और इमरजेंसी वाहनों को निकास की भी कोई सुविधा नहीं है।

अत: भारत सरकार से अनुरोध है कि कबरई और कानपुर के मध्य सड़क मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त उपाए किए जाए-

1. एन.एच.-86 (कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग) के चौड़ीकरण होने से पहले ही तत्काल इस राजमार्ग पर कानपुर-कबरई के मध्य वर्तमान संख्या से बढ़ाकर टोल बूथों की संख्या 16 की जाए जिसमें 8 आने वाली और 8 जाने वाली लेन पर बनाए जाए।

2. एन.एच.-86 को कानपुर-कबरई के मध्य 2 लेन का चौड़ीकरण करके 4 लेन का किया जाए और डिवाईडर का भी निर्माण किया जाए।

3. इमरजेंसी वाहन और एम्बुलेंस के सुरक्षित निकास के प्रबंध के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोबाइल मेडिकल सुविधाओं का भी प्रबंध किया जाए।